**खबर संक्षेप**



### मां शारदा मंदिर प्रशासक ने मेले की व्यवस्था का किया निरीक्षण

**मैहर।** आगामी नवरात्रि मेले की तैयारियों को देखते हुए मैहर की एसडीएम और मंदिर प्रशासक दिव्या पटेल ने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने अपने पूरे दल के साथ मंदिर का दौरा किया और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए निर्देश दिए। उनका लक्ष्य आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा न होने देना है। इस बार मेले की जिम्मेदारी एक नए एसडीएम और नए पुलिस अधीक्षक के पास है,जिससे उम्मीद है कि भक्तों को बेहतर व्यवस्था मिलेगी।

### भदनपुर से बराखुर्द मार्ग की दुर्दशा,ग्रामीण परेशान

**मैहर।** भदनपुर से बराखुर्द को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग कई सालों से खराब हालत में है,जिससे ग्रामीणों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय निवासी,जिनमें सुशील पाल भी शामिल हैं,ने प्रशासन को लिखित आवेदन देकर इस समस्या की गंभीरता बताई है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क बनने के बाद से इसका कोई रखरखाव नहीं किया गया है। उनका यह भी कहना है कि विभाग सिर्फ कागजी खानापूर्ति कर रहा है और बिल बनाकर पैसे वसूल रहा है। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सड़क की मरम्मत जल्द से जल्द कराई जाए ताकि पैदल चलने वालों,स्कूली बच्चों और वाहन चालकों के लिए यह 'मौत की सड़क' न बने।

### विवेकानंद विद्यालय में हिंदी पखवाड़े का आयोजन

**मैहर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस,शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय में 16 और 17 सितंबर को दो दिवसीय हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदी भाषा के महत्व को बढ़ावा देना था। पहले दिन हिंदी से जुड़ी पुस्तकों की प्रदर्शनी,निबंध प्रतियोगिता और स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। दूसरे दिन,प्राचार्य डॉ.राजेश सिंह और अन्य अतिथियों ने हिंदी भाषा की समृद्धि और इसके महत्व पर जोर दिया। डॉ.राजेश सिंह ने कहा कि जिस देश की मातृभाषा जितनी समृद्ध होती है,वह देश उतनी ही अधिक प्रगति करता है।कार्यक्रम में छात्रों को हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने और इसके प्रसार की शपथ भी दिलाई गई।

### मैहर नवरात्रि मेला: कमिश्नर और आईजी ने किया निरीक्षण



**मैहर।** आगामी नवरात्रि मेले की व्यवस्था का जायजा लेने के लिए गुरुवार शाम कमिश्नर रीवा जोन बी.एस.जामोद और आईजी गौरव राजपूत मैहर पहुंचे। उन्होंने मां शारदा देवी के दर्शन और पूजा-अर्चना के बाद मंदिर प्रांगण का निरीक्षण किया।इस दौरान उनके साथ कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह,अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने मेले की सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की।

# बाउंसर्स की हैवानियतः कर्ज वसूली के लिए पिता-पुत्र पर फेंका खौलता पानी



**सतना।** नागौद थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है,जहाँ एक निजी फाइनेंस कंपनी के बाउंसरों ने कर्ज वसूली के दौरान एक पिता और उनके बेटे पर खौलता हुआ पानी फेंक दिया, जिससे वे गंभीर रूप से झुलस गए।

#### घटना का विवरण

नागौद के गांधी चौक में दिनेश सोनी और उनके बेटे चाउमीन की दुकान चलाते हैं। उन्होंने एक निजी बैंक से कर्ज लिया था। जब वे कर्ज की किस्त जमा नहीं कर पाए, तो बैंक के पांच बाउंसर उनके घर पहुँच गए। पैसे मांगने पर दिनेश सोनी ने बताया कि अभी उनके पास पैसे नहीं हैं। इस पर बाउंसरों ने उनके और उनके बेटे के साथ मारपीट शुरू कर दी।जब पिता-पुत्र ने बचने के लिए घर के अंदर भागने की कोशिश की,तो बाउंसरों ने दुकान में चाउमीन के लिए उबाला जा रहा खौलता पानी उठाकर उन पर फेंक दिया। इस क्रूर हमले में दोनों बुरी तरह से जल गए। उन्हें तुरंत नागौद अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहाँ उनका इलाज चल रहा है।

#### पुलिस ने दर्ज किया मामला

मामले की रिपोर्ट नागौद थाने में दर्ज कराई गई है,जिसके बाद पुलिस ने दो बाउंसरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि कर्ज वसूली के लिए दो नहीं,बल्कि पांच लोग आए थे।

#### कांग्रेस ने दी चेतावनी

जिला कांग्रेस महासचिव मुमताज अहमद सिद्दीकी ने इस घटना की निंदा की है और निजी बैंक प्रबंधन को चेतावनी दी है कि वे कर्जदारों से नियमों के अनुसार ही वसूली करें। उन्होंने कहा कि अगर वसूली एजेंटों द्वारा मारपीट या गर्म पानी फेंकने जैसी



घटनाओं की पुनरावृत्ति होती है,तो कांग्रेस की अगुवाई में पीड़ित लोग न्याय के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे।

# रीवा रोड का अराजक ट्रैफिकः क्या पुलिस केवल तमाशा देखेगी ?

**सतना।** पन्ना नाका और आयुष्मान हॉस्पिटल के सामने हुई ट्रैफिक पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई से यह साबित होता है कि जब पुलिस चाहे तो सड़कों से अराजकता को चुटकियों में खत्म कर सकती है। लेकिन सवाल यह है कि क्या रीवा रोड पर माहेश्वरी स्वीट्स के सामने रोज होने वाली ट्रैफिक की बदहाली पर भी ऐसी ही नजर पड़ेगी? या इस महत्वपूर्ण चौराहे को ऐसे ही ट्रैफिक माफिया के हवाले छोड़ दिया जाएगा? यातायात पुलिस ने उमरी क्षेत्र में सड़क पर पांच कारें और आयुष्मान हॉस्पिटल के सामने 10 मोटरसाइकिलें उठाकर चालानी कार्रवाई की।यह सराहनीय कदम है,लेकिन यह केवल एक शुरुआत होनी चाहिए। शहर के कई हिस्से,खासकर रीवा रोड पर माहेश्वरी स्वीट्स के सामने,अब भी ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाते लोगों का अड्डा बने हुए हैं। यहाँ अक्सर सड़क पर बेतरतीब तरीके से खड़े वाहन,बेतरतीब पार्किंग और अनियंत्रित आवागमन के कारण जाम लगता है।इस क्षेत्र में ट्रैफिक का बुरा हाल रहता है,और आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। ऐसा लगता है कि इस जगह पर ट्रैफिक नियमों को लागू करने में पुलिस हिचक रही है। ट्रैफिक पुलिस को चाहिए कि वह पन्ना नाका और आयुष्मान हॉस्पिटल की तरह ही रीवा रोड पर भी सख्त कार्रवाई करे।सड़क पर कब्जा जमाने वाले वाहन चालकों और दुकानदारों पर भारी जुर्माना लगाया जाए,ताकि उन्हें यह सबक मिले कि सरकारी सड़क किसी की निजी संपत्ति नहीं है। जब तक ट्रैफिक पुलिस इस तरह के हॉटस्पॉट पर कार्रवाई नहीं करेगी,तब तक शहर में सुचारू यातायात की कल्पना करना मुश्किल है। यह समय है कि पुलिस अपनी कार्रवाई को केवल कुछ इलाकों तक सीमित न रखे,बल्कि पूरे शहर में एक समान अभियान चलाए ताकि हर नागरिक सुरक्षित और निर्बाध आवागमन का लाभ उठा सके।



### चित्रकूट दीपावली मेला तैयारियों को लेकर बैठक

**सतना।** चित्रकूट में होने वाले दीपावली मेले की तैयारियों को लेकर गुरुवार को नगर पंचायत कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ.सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह,सीईओ जिला पंचायत सुश्री संजना जैन और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मेले की व्यवस्था,सुरक्षा और अन्य आवश्यक इंतजामों पर चर्चा की गई ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

# 63 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

सतना। पुलिस को नागौद क्षेत्र में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 63 लीटर अवैध देशी शराब, जिसकी कीमत 35,000 है, के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतना (देहात) विक्रम सिंह कुशवाह के निर्देशन में तथा एसडीओपी नागौद श्रीमती विदिता डागर के मार्गदर्शन में चल रहे युवा नशा निवारण कार्यक्रम के तहत की गई। युवा पीढ़ी को नशा मुक्त रखने के उद्देश्य से थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

9 जनवरी को पुलिस गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति पिथौरा बाद से श्यामनगर की तरफ जाने वाली नहर के किनारे,निर्माणाधीन सड़क लालपुर मोड़ पर अवैध शराब बेच रहा है। पुलिस टीम ने तत्काल बताए गए स्थान पर पहुँचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर आरोपी भागने का प्रयास करने लगा,लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शिवलाल प्रजापति बताया। उसके पास रखी दो बोरियों की जाँच करने पर कुल 7 पेटी (63 लीटर) शराब मिली,जिसकी कीमत 35,000 आँकी गई। आरोपी के पास शराब से संबंधित कोई वैध दस्तावेज़ नहीं था। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया।आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

#### ज़ब्त सामग्री और गिरफ्तार आरोपी

ज़ब्त सामग्रीः कुल 7 पेटी (63 लीटर) अवैध देशी शराब,कीमत 35,000 शिवलाल प्रजापति पिता भोला प्रसाद प्रजापति,उम्र 52 वर्ष,निवासी ग्राम बड़ा मानिकपुर,थाना नागौद है।

#### सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में सउनि अनिल तिवारी,प्रआर पंकज मिश्रा और आरक्षक ओम प्रकाश तिवारी की सराहनीय भूमिका रही।

# महिला को जबरन ज़हर पिलाने वाला आरोपी 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार

**सतना।** पुलिस ने एक महिला को जबरन ज़हर खिलाने वाले आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के कुशल निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) प्रेमलाल कुर्वे व एसडीओपी नागौद रघु केशरी के मार्गदर्शन में की गई। 17 सितंबर को रेशू साहू नामक महिला को उसके परिजन बेहोशी की हालत में सीएचसी कोठी ले गए। होश में आने पर महिला ने बताया कि उसके घर के सामने रहने वाले रमाशंकर विश्वकर्मा ने उसे जबरन ज़हर पिलाया है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए भौतिक साक्ष्य,दस्तावेज़ और पीड़िता व गवाहों के बयानों के आधार पर आरोपी रमाशंकर विश्वकर्मा



निवासी झाली के खिलाफ धारा 123 भा.न्या.सं. के तहत मामला दर्ज किया।बाद में,मामले में धारा 331(3) भा.न्या.सं.भी बढ़ाई गई। महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उसे ज़िला अस्पताल सतना रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी कोठी, निरीक्षक गिरजाशंकर बाजपेयी ने घटना की गंभीरता को समझते हुए वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क कर आरोपी की तलाश के लिए टीम रवाना की। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया और माननीय न्यायालय में पेश किया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। इस त्वरित गिरफ्तारी में निरीक्षक गिरजाशंकर बाजपेयी (थाना प्रभारी कोठी), स.उ.नि. अश्वनीधर व्दिवेदी,प्र.आर.देवेन्द्र सेन,प्र.आर.भूपेन्द्र सिंह,प्र.आर.प्रमोद तिवारी, आर. कुलदीप सिंह, आर.रिंकू जाटव,आर. संजय यादव, आर.संतोष धुर्वे,और आर.744 रामगणेश पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सालों से रुके अधूरे सड़क निर्माण कार्य को पुनः चालू कराने के लिए कांग्रेस का धरना प्रदर्शन



**सतना।** शहर के डाली बाबा मेन रोड से नजीराबाद तक सालों से अधूरा पड़ा सड़क निर्माण कार्य और इसकी वजह से हो रही आम लोगों की परेशानी को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर सतना ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि इस सड़क को महीनों से खोदकर छोड़ दिया गया है,जिसकी वजह से बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इन गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसके अलावा,निर्माण कार्य से उड़ने वाली धूल ने स्थानीय निवासियों का जीना दूभर कर दिया है और लोग गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने बताया कि सैकड़ों शिकायतें करने के बावजूद नगर निगम प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि डालीबाबा से कामता टोला तक की मुख्य सड़क की स्ट्रीट लाइटें पिछले 6 से 7 महीनों से बंद पड़ी हैं,जिससे रात के समय आवागमन करने वालों को और भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

#### नगर निगम प्रशासन से निम्नलिखित प्रमुख मांगें

नवरात्रि को देखते हुए सड़क का निर्माण कार्य तुरंत शुरू किया जाए।अधूरे पड़े निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाए और इसके लिए एक समय सीमा तय की जाए। जब तक सड़क का निर्माण शुरू नहीं होता,तब तक गड्ढों की मरम्मत की जाए।धूल से राहत पाने के लिए सड़क पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाए।

दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई की जाए और पीड़ितों को मुआवजा दिया जाए। साथ ही अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाए कि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न हो।धरना प्रदर्शन में नगर निगम नेता प्रतिपक्ष मिथलेश सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप जैन,पियुश पटनहा,पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामकुमार तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एकेएस विश्वविद्यालय और तुलसी महाविद्यालय के बीच एमओयू

**सतना।** मध्यप्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एकेएस विश्वविद्यालय,सतना और शासकीय तुलसी महाविद्यालय,अनूपपुर के बीच मेमोरेंडम ऑफ अंडर स्टैंडिंग,एमओयू,पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता विद्यार्थियों और शिक्षकों को नई संभावनाओं से जोड़ने वाला ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।इस समझौते के अंतर्गत दोनों संस्थान मिलकर संयुक्त शोध परियोजनाएँ,प्रशिक्षण कार्यक्रम,कार्यशालाएँ,इंटर्नशिप और विनिमय कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इसका सीधा लाभ विद्यार्थियों को व्यावहारिक



अनुभव,नई तकनीकों की समझ और करियर के बेहतर अवसरों के रूप में मिलेगा।कार्यक्रम में एकेएस विश्वविद्यालय की ओर से प्रो चांसलर अनंत कुमार सोनी,रजिस्ट्रार एवं प्रो-वाइस चांसलर डॉ.आर.एस.त्रिपाठी, सहायक रजिस्ट्रार भगवेंद्र सिंह तथा डीन, कंप्यूटर साइंस एंड आईटी डॉ.अखिलेश कुमार वाऊ उपस्थित रहे। वहीं तुलसी महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य डॉ.अनिल कुमार सक्सेना और सहायक प्राध्यापक ऋषिकेश चंद्रवंशी ने मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए।

# कानून-व्यवस्था और सुरक्षा को और प्रभावी बनाया जाएगा: एसपी एपी सिंह



**मैहर।** नए पुलिस अधीक्षक (एसपी) अवधेश प्रताप सिंह ने पत्रकारों से मुलाकात की और शहर की कानून-व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए कई उपाय बताए। उन्होंने कहा कि मैहर एक तीर्थनगरी है,इसलिए सुरक्षा उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने शहर के सभी बड़े प्रतिष्ठानों और दुकानदारों से अनुरोध किया कि वे अपने दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाएं। एसपी ने कहा कि कैमरे न केवल अपराधियों को पकड़ने में मदद करेंगे,बल्कि यातायात को नियंत्रित करने और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण होंगे। उन्होंने मीडिया से भी सहयोग की अपील की और कहा कि पुलिस और मीडिया का तालमेल अपराध को नियंत्रित करने के लिए बहुत जरूरी है।



### कांग्रेस ने अवैध रेत खनन पर सौंपा ज्ञापन

**मैहर।** कांग्रेस ने कुबरी रामनगर में चल रहे अवैध रेत खनन को लेकर कलेक्ट्रेट में एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी और कांग्रेस नेता देवेंद्र तिवारी ने कहा कि यह अवैध खनन न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है,बल्कि शासन-प्रशासन की छवि पर भी सवाल खड़े कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ अधिकारी और विभाग के कर्मचारी भी इस अवैध काम में शामिल हैं। कांग्रेस ने मांग की है कि अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और सैटेलाइट तकनीक का इस्तेमाल किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही कोई कार्रवाई नहीं हुई,तो कांग्रेस कार्यकर्ता जन आंदोलन करेंगे।

# लायंस क्लब ने 300 बालिकाओं को पौष्टिक आहार वितरित किया

**सतना।** अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स और सार्थक वेलफेयर सोसाइटी ने मिलकर 'न्यूट्रिशन प्रोग्राम' के तहत एक सराहनीय पहल की है।इस कार्यक्रम के अंतर्गत, महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय में 300 छात्राओं को पौष्टिक आहार और पोषण सामग्री वितरित की गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को कुपोषण से बचाना,उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें एक स्वस्थ भविष्य की ओर प्रेरित करना है।




लायन विनय त्रिपाठी ने इस अवसर पर बताया कि संस्था का मानना है कि स्वस्थ विद्यार्थी ही आने वाले समय में एक सशक्त समाज की नींव रखते हैं।

## खबर संक्षेप

### नगर वन विकास कार्य का शुभारंभ



**पन्ना।** भारत सरकार पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा स्वीकृत नगर वन का शुभारंभ सेवा पर्व के अवसर पर उत्तर पन्ना वनमंडल के विश्रामगंज स्थित स्मृति वन क्षेत्र में किया गया। इस अवसर पर खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा और पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने पौधारोपण कर नगर वन विकास कार्य की शुरुआत की। कार्यक्रम में नगर वन के सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण को लेकर मार्गदर्शन भी दिया गया। आयोजन में जिला भाजपा अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे परमार, नगर पालिका अध्यक्ष मीना पांडेय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष आशा गुप्ता, कलेक्टर सुरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, उपसंचालक पन्ना टाइगर रिजर्व मोहित सूद, उत्तर वनमंडल अधिकारी गर्वित गंगवार, उपवन मंडल अधिकारी विश्रामगंज अंशुल तिवारी, उपवन मंडल अधिकारी पन्ना कृष्णा मरावी, वन परिक्षेत्र अधिकारी पन्ना अजय बाजपेयी, वन परिक्षेत्र अधिकारी विश्रामगंज नितिन राजौरिया सहित वन विभाग एवं पुलिस अधिकारीदृकर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि और जिले के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों द्वारा वृक्षारोपण



**पन्ना।** छत्रसाल शासकीय महाविद्यालय में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के मध्य आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान 2025 के अंतर्गत आज द्वितीय दिवस वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ एस डी चतुर्वेदी की संरक्षण एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ । इस अवसर पर स्वयंसेवको ने महाविद्यालय परिसर के विद्यावन में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। सभी ने यह प्रतिज्ञा भी की लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष का रूप देंगे तथा पर्यावरण संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाएंगे। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ पियूषा शर्मा ने कहा कि पेड़ पौधे केवल हरियाली का प्रतीक नहीं बल्कि जीवन और पर्यावरण संतुलन का आधार है इनकी रक्षा करना हम सबका कर्तव्य है।

### दक्षिण पन्ना वन विभाग ने सेवा पर्व पर किया पौधारोपण, स्वच्छता व



**पन्ना।** सेवा पर्व के अवसर पर दक्षिण पन्ना वनमंडल में मंगलवार को विभिन्न सामाजिक एवं पर्यावरणीय कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्राम घुटेही में ग्राम वन समिति के सहयोग से पौधारोपण किया गया। इस मौके पर समिति सदस्यों को चटाई तथा युवाओं को फुटबॉल वितरित किए गए। वन विभाग के प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक अंकुर गुप्ता, उपवनमंडलाधिकारी कल्दा नितिन कुमार निगम एवं सलेहा परिक्षेत्र अधिकारी जीतू सिंह बघेल कार्यक्रम में मौजूद रहे। इसी कड़ी में ग्राम बिरवाही स्थित आदिवासी छात्रावास में बच्चों के साथ पौधारोपण एवं फुटबॉल वितरण किया गया। बच्चों ने वृक्षों की देखभाल का संकल्प लिया। ग्राम बघवार के शंकर जी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जिसमें वनरक्षक रजनीश चैरसिया ने सक्रिय भूमिका निभाई। ग्रामीणों व वनकर्मियों ने मिलकर मंदिर प्रांगण को साफ-सुथरा कर स्वच्छता का संदेश दिया। इन सभी गतिविधियों का उद्देश्य ग्रामीणों और विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण व सामुदायिक भागीदारी की भावना को मजबूत करना रहा।

### विकासखण्ड स्तरीय दिव्यांग छात्र मूल्यांकन शिविर का आयोजन

**पन्ना।** विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक विकासखण्ड पन्ना के हवाले से जानकारी दी गई है कि दिनांक 20 सितम्बर 2025 दिन शनिवार को पन्ना विकासखण्ड के दिव्यांग छात्रों के मूल्यांकन एवं चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में भारतीय कृतिम अंग निर्माण निगम जबलपुर एवं स्थानीय विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम उपस्थित रक कर दिव्यांग छात्रों का मूल्यांकन एवं चिन्हांकन कर उन्हें उपकरण प्रदान किये जायेंगे।

## सांसद खेल महोत्सव 2025 के आयोजन को लेकर

# खजुराहो सांसद बीडी शर्मा ने अधिकारियों के साथ ली बैठक

आज सांसद निवास में सांसद खेल महोत्सव की आयोजन की तैयारी को लेकर लोग खजुराहो लोकसभा के पन्ना जिला के संबंधित अधिकारियों के साथ खजुराहो सांसद बी.डी. शर्मा ने सांसद खेल महोत्सव को लेकर बैठक ली।







**पन्ना।**

बैठक में मुख्य रूप से विधायक पन्ना बृजेंद्र प्रताप सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे परमार जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, लोकसभा संयोजक सुशील त्रिपाठी लोकसभा सह संयोजक कमल लालवानी जिला संयोजक राजेंद्र कुशवाहा जिला सहसंयोजक अंगद प्रजापति विधानसभा संयोजक अमित परमार के साथ-साथ संबंधित विभाग के अधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। श्री शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में खेल और युवा सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए युवाओं में टीम भावनाओं को विकसित करने तथा खेलो इंडिया का संदेश व्यापक स्तर पर फैलाने के लिए 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक संसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है सांसद खेल महोत्सव 2025 का उद्देश्य पंचायत स्तर तक खेलो को युवा खिलाड़ियों का पहुंचाना है और क्षमताओं को बढ़ाने में यह महोत्सव मदद करेगा। श्री शर्मा ने कहा कि हमष स्वस्थ युवा विकसित भारतष के संकल्प को लेकर संकल्प लें कि खेल को जीवन शैली के रूप में अपनाने में युवा प्रेरणा ले कार्यक्रम के संबंध में लोकसभा संयोजक सुशील त्रिपाठी ने बताया कि इस महोत्सव में खेल पंचायत स्तर से शुरू होकर मंडल स्तर विधानसभा स्तर जिला स्तर और लोकसभा स्तर तक खेल की प्रतियोगिताएं होंगी सांसद खेल महोत्सव में स्थानीय खेलों को बढ़ावा देने के साथ-साथ इसमें मुख्य रूप से फुटबाल वालीबाल हॉकी निबंध प्रतियोगिता नृत्य प्रतियोगिता खो खो कबड्डी क्रिकेट गिल्ली डंडा और भी भिन्न प्रकार की खेलों को शामिल किया जाएगा। श्री त्रिपाठी ने बताया कि खेलों की पंजीयन को ज्यादा से ज्यादा करवाने के लिए सभी अधिकारियों कर्मचारियों कार्यकर्ताओं को लक्ष्य दिया गया है सभी मंडलों जिला लोकसभा स्तर तक पंजीयन प्रक्रिया करवाने के लिए प्रयास किया जा रहे हैं इन खेल महोत्सव में जूनियर सीनियर ओपन लोगों को शामिल किया जाएगा। 45 वर्ष तक के लोग इस कार्यक्रम में हिस्सा ले सकते हैं श्री त्रिपाठी ने समस्त अधिकारियों और समस्त कार्यकर्ताओं से ज्यादा से ज्यादा पंजीयन करवाने की अपील की है।

## रत्नगर्भा धरती कब किसको धनवान बना दे पन्ना में ऐसी ही दास्तां एक महिला को 8 नग हीरे मिलने की घटना चर्चा में



**पन्ना।**

विगत दिवस 17 सितम्बर का दिन पन्ना जिला मुख्यालय से लगभग 20-22 कि0मी0 की दूरी पर ग्राम बड़गड़ी निवासी रचना गोलदार पति राधारमन गोलदार को हजारा मुड्ढा खदान में एक सात 8 नग हीरे मिलने से किस्मत स्वयं ही अपने आप धरती मां की कृपा से बेसकीमती हीरों की चमक से जानी गई

पन्ना की धरती रंक से राजा कब किसे बना दे कुछ कह पाना कठिन है यहां की धरती बेसकीमती बहुमूल्य रत्न हीरे को उगलने वाली जानी जाती है हीरा खदान लगाने का कार्य बहुत सारे लोग करते है कुछ तो राजा से रंक हो जाते है तो वहीं कुछ की किस्मत रंक से राजा के रूप में आर्थिक रूप से सुदृढ करने को लेकर जानी जाती है। वैसे तो कई बार चर्चाओं का दौर सामने आया पर यह पहली बार खबर सुर्खियों में है जहां एक महिला को 8 नग हीरे एक साथ एक ही दिन में खदान में मिले हों निष्चिततौर पर यह धरती मां की असीम कृपा मानी जा रही है। आखिर जिस तरह से हीरा अधिकारी रविद पटेल ने इस महिला को हजारा मुड्ढा खदान क्षेत्र से जैम क्वाल्टी किस्म के जो उज्जवल हीरे माने जाते है जिनकी अच्छी कीमत को लेकर कयास लगाये जाते है जिनमें 8 नग हीरे जिनका वजन 0.28 सेंट वहीं 0.16 सेंट, 0.40 सेंट, 0.14 सेंट, 0.46 सेंट, 0.23 सेंट, 0.79 सेंट तथा 0.34 सेंट के 8 नग हीरे बड़गड़ी निवासी रचना गोलदार पति राधारमन गोलदार को मिले है। इस तरह से जहां इस महिला ने सभी हीरों को हीरा विभाग में आगामी नीलामी में बिक्री के लिये रखा है बिक्री होने के बाद शासन की रॉयल्टी काटकर हीरे की शेष राषि उक्त महिला को प्रदान की जायेगी जिस तरह से यह अपने आप में किस्मत किस तरह से धरती मां की कृपा से चमक बिखेरने को लेकर एक ही दिन में चर्चा में निष्चिततौर पर यह किस्मत को लेकर छप्पर फाड़ कर देने के हालात जैसी दास्तां मानी जा रही हो यहां कब किसको धनवान धरती मां बना देती है क्योंकि रत्नगर्भा धरती के नाम से पन्ना की धरा जो समूचे विष्व में प्रख्यात हे जिसका जीता जागता उदाहरण पहली बार एक ही दिन में 8 नग हीरों के मिलने की एक बड़ी पुष्टी हुई है जो निष्चिततौर पर उक्त महिला के ऊपर देवी लक्ष्मी की कृपा कहें या कि धरती मां जो स्वयं ही सबके जीवन को लेकर कहीं न कहीं कब किसको चमकाने को लेकर जानी जाये जिस तरह से आज यह खबर सुर्खियों में है।

# जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने ली समस्त मोर्चा प्रकोष्ठों एवं विभागों की बैठक

### अमर शहीद राजा शंकर शाह एवम अमर शहीद कुंवर रघुनाथ शाह की पुण्य तिथि पर दी गई श्रद्धांजली





**पन्ना।**

जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के तत्वाधान सर्वप्रथम अमर शहीद राजा शंकर शाह एवं अमर शहीद कुंवर रघुनाथ शाह जी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनकी शोर्य गाथा पर प्रकाश डाला तदुउपरांत जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के अध्यक्ष अनीश खान के द्वारा बैठक से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा आगामी रणनीति के संबंध में अवगत कराया जिसमे सभी विभाग प्रकोष्ठ मोर्चा की अध्यक्षों ने अपने-अपने विचार रखें इस दौरान मुख्य रूप से इस दौरान मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनीश खान, किसान कांग्रेस के अध्यक्ष सेवालाल पटेल, रामबहादुर दिवेदी (जिला अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल) पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के अध्यक्ष राज बहादुर पटेल, युवा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी, एस.सी. कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जितेंद्र जाटव, एनएसयूआई कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आकाश जाटव, महिला कांग्रेस की ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती रहीमा खातून, महिला उत्पीड़न प्रकोष्ठ श्रीमती सुप्रिया बुंदेला, श्रीमती हीराबाई गौड़ देबू गौड़ (आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष) अंकित शर्मा जिला अध्यक्ष विधि विधाई विभाग कांग्रेस अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉ- कदीर खान, अभिषेक चैरसिया, पिंकू सिद्दीकी वेदांत मिश्रा, इरफान खान उपस्थित रहे।

## जनसंघ व भाजपा में कार्य करने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के घर पहुंचकर पूर्व युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष धीरज पटैरिया ने सम्मान से अलंकृत किया





### वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को लेकर भारतीय राजनीति के षिखर पुरूष भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 अटल बिहारी बाजपेयी जी की जन्म सताब्दी अवसर पर जहां आज उनके आर्षीवाद लेकर यह समय उपयुक्त माना गया

**पन्ना।**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष धीरज पटेरिया एक दिवसीय प्रवास पर पन्ना पहुंचे और उन्होंने जन संघ व भाजपा में काम करने वाले व संगठन में विभिन्न दायित्व निभाने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को उनके घर पहुंच कर अटल कार्यकर्ता सम्मान से अलंकृत किया। श्री पटेरिया ने कहा कि भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म शताब्दी का अवसर है जिसमें अटल जी के समय काम करने वाले कार्यकर्ताओं का आशीर्वाद लेने के लिए मैं उनके घर तक जा रहा हूं। श्री पटेरिया ने कहा कि जिन कार्यकर्ताओं ने जन संघ व भाजपा में संगठन के विभिन्न दायित्व को समर्पित कार्यकर्ता के रूप में संगठन की निष्काम भाव से सेवा की है उन्हें सम्मान मिलना चाहिए मैं उनका सम्मान करते हुए आशीर्वाद ले रहा हूं। अब तक मैंने मध्य प्रदेश के लगभग 30 जिलो का प्रवास पूर्ण कर लिया है शेष जिलों में पहुंच रहा हूं, उन्होंने बताया कि पन्ना जिले के अजयगढ़ निवासी श्री जगदीश गुप्ता एवं श्रीमंगी सेन जी से मिला पन्ना में जनसंघ के समय जिला अध्यक्ष रहे शिवबिहारी श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ नेता कुसुम सिंह मेहदेले से भेंट की एवं अमानगंज में पार्टी के वरिष्ठ नेता जगदीश गुप्ता एवं पवई में वरिष्ठ नेता पुष्पेन्द्र लटौरिया से भेंट की और उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को करने की प्रेरणा मुझे दीनदयाल उपाध्याय व अटल जी की जीवनी को पढ़ने से मिली संगठन को मजबूत करने के लिए में सतत रूप से कम कर रहा हूं। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ता व समाजसेवी उपस्थित रहे।

## देवेंद्रनगर में श्रीमद्भागवत कथा महापर्व का सातवां दिन सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष व कथा विश्राम ने किया भावविभोर

### आज ब्राह्मण भोजन एवं भंडारा



**देवेंद्रनगर।**

**पंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद गिरि जी महाराज के श्रीमुख से चल रही श्रीमद्भागवत कथा महापर्व के 18 सितम्बर के अंतिम दिन सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष व कथा विश्राम की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को गहन भक्ति में डुबो दिया।**

#### स्वामी आत्मानंद गिरि जी महाराज ने कहा

सुदामा चरित्र मित्रता, सरलता और सच्चे प्रेम का सर्वोत्तम उदाहरण है। श्रीकृष्ण ने दिखाया कि धन नहीं, भाव और निष्ठा ही सबसे बड़ी संपत्ति है। परीक्षित मोक्ष बताता है कि मृत्यु के क्षण में भी श्रीहरि का स्मरण जीवन को मुक्त कर देता है। भागवत कथा यहीं समाप्त होती है लेकिन इसके संदेश अनंत हैं। मंच पर सुदामा व श्रीकृष्ण के मिलन का अभिनय इतना भावुक था कि श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। नन्हे कलाकार मनमोहन ने श्रीकृष्ण का और दूसरे बाल कलाकार ने सुदामा का अभिनय कर वातावरण को भक्ति व करुणा से भर दिया। परीक्षित मोक्ष के दृश्य में भक्तों ने "हरि बोलदृहरि बोल" के जयकारों के साथ भागवत के समापन श्लोकों का रसपान किया। भजनों, शंखध्वनि, पुष्पवृष्टि और मृदंग की स्वर लहरियों के बीच श्रद्धालु कथा विश्राम के समय भी देर तक बैठे रहे।

#### स्वामी जी ने कहा

भागवत कथा भले समाप्त हो जाए, पर इसका संदेश आपके जीवन में हर दिन जगे यही सच्ची पूर्णाहुति है। 19 सितम्बर को आज समापन अवसर पर विशाल हवन, पूजन और महाप्रसाद (भंडारा) होगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है।

### अनियंत्रित होकर वाहन पलटने से युवक की मौत, तीन बहनों का टूटा सहारा



**अमानगंज।** सोमवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार युवक वाहन से जिजगांव जा रहा था, स्थान पता न होने से आगे पहुंचे तभी अचानक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में सामान के नीचे दब जाने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई।बताया गया कि मृतक बीरू सोनकर पिता दुर्गा सोनकर उम्र 18 वर्ष निवासी गंज हाल निवास मोहद्रा पानी की टंकी के पास बताया जा रहा है कि युवक तीन बहनों का इकलौता भाई था। परिजनों में पिता भी नहीं हैं। ऐसे में बहनों का एकमात्र सहारा छिन जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की खबर मिलते ही परिजन व ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### देवेंद्रनगर में श्रीमद्भागवत कथा महापर्व का सातवां दिन

## सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष व कथा विश्राम ने भावविभोर किया आज ब्राह्मण भोजन एवं भंडारा



**देवेंद्रनगर पन्ना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव कार्य क्रम के उपलक्ष्य मे बरौहा सरपंच शिव वृत्त सिंह परमार ने किया नेत्रदान की घोषणाअमानगंज। बरौहा ग्राम पंचायत के सरपंच शिव वृत्त सिंह परमार ने समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए नेत्रदान की घोषणा की है। सरपंच ने कहा कि नेत्रदान एक ऐसा पुण्य कार्य है जिससे किसी अंधे व्यक्ति को जीवन में प्रकाश मिल सकता है। उन्होंने युवाओं से भी इस अभियान से जुड़ने की अपील की।नेत्रदान की घोषणा होते ही ग्रामीणों में सरपंच के इस संकल्प की सराहना की गई। उपस्थित क्षेत्रीय सांसद बी डी शर्मा, पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष भास्कर पांडेय एवं जिला युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे सभी ने इसे प्रेरणादायी कदम बताया और कहा कि इस पहल से समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। यह कार्य क्रम पन्ना टाउन हॉल में किया गया।

# थाना परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित





**अमानगंज।**

थाना परिसर में गुरुवार दोपहर को थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री द्वारा बच्चों पर होने वाले लैंगिक अपराधों की रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि समाज में बढ़ते लैंगिक अपराधों के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता है। बच्चों को सुरक्षित वातावरण देना हम सभी की जिम्मेदारी है। थाना प्रभारी ने बच्चों को गुड टच और बैड टच की जानकारी देते हुए समझाया कि किसी भी प्रकार की गलत हरकत या अपराध की स्थिति में तुरंत परिजनों एवं पुलिस को सूचित करें साथ ही छात्राओं को अपना नंबर देकर किसी भी प्रकार की समस्या पर तुरंत जानकारी देने को कहा और यह भी कहा । साथ ही अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार रखें ताकि बच्चे निडर होकर अपनी बात रख सकें।कार्यक्रम में जन साहस संस्था के प्रतिनिधियों ने भी उपस्थित रहे इस दौरान बड़ी संख्या में विद्यालयीन छात्राएं, एवं शिक्षकगण मौजूद रहे।1

### स्क्रीनिंग शिविरों में होगी 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों में दिव्यांगता की पहचान

#### 15 सितंबर से 14 नवंबर 2025 तक चलाया जा रहा है अभियान

**पन्ना।** बच्चों में दिव्यांगता की पहचान एवं त्वरित दिव्यांगता प्रमाण-पत्र उपलब्ध करने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जिला स्तरीय स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। यह शिविर विगत दिवस 15 सितंबर से 14 नवंबर 2025 तक आयोजित किए जाएंगे। चिन्हित बच्चों को उनकी जरूरत के अनुसार सुविधाएं और परिचय-पत्र मुहैया कराए जाएंगे। मध्यप्रदेश में हाई कोर्ट के निर्देश पर गठित जुनाईविल जस्टिस कमेटी की अनुशंसा पर 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों में दिव्यांगता की पहचान के लिए शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। शिविरों में जिला मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सूक्ष्म परीक्षण कर प्रमाण-पत्र जारी किए जाएंगे। नव चिन्हित दिव्यांग बच्चों को 30 नवंबर तक यूडीआईडी नंबर जारी करने तथा शासन की पेंशन व अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

## खबर संक्षेप



### पुश्तैनी जमीन पर दबंगों ने ठोका कब्जा

**न्यायालय के फैसले के बावजूद नहीं हो रही कार्रवाई**

**छतरपुर**। नौगांव जनपद के गर्रोली गांव के एक किसान ने दबंगों द्वारा उसकी पैतृक जमीन पर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत की है। किसान के मुताबिक पूर्व में वह कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार से शिकायत कर चुका है लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। इतना ही नहीं न्यायालय से फैसला होने के बावजूद कब्जा हटाने में देरी की जा रही है। गर्रोली निवासी कौशलेश यादव ने बताया कि वर्ष 1982-83 में जो जमीन उनकी दादी देवका यादव के नाम थी वह उनके पिता चिरंजी लाल यादव के नाम पर आ गई थी। वर्ष 1995-96 में यह जमीन मध्य प्रदेश सरकार के स्वामित्व में चली गई, जिस पर वर्तमान में गांव का चिरंजी लाल निरंजन अवैध अतिक्रमण कर दुकानें और मकान बनाने में जुटा हुई है। कौशलेश ने बताया कि वर्ष 2021 में गांव के पूर्व सरपंच ने सिविल कोर्ट और तहसीलदार के पास केस दायर किया था, जिसका फैसला उनके पक्ष में आया था। कोर्ट ने निर्माण को तोड़ने का आदेश भी दिया, लेकिन आज तक अमल नहीं हुआ। कौशलेश ने बताया कि वह तीन-चार साल से कलेक्टर, अपर कलेक्टर और तहसीलदार से शिकायतें करते आ रहा है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। कौशलेश ने मांग की है कि प्रकरण की जांच कर जमीन को असल मालिक के सुपुर्द किया जाए।

### शिक्षक ने आहत की किन्नर समाज की भावनाएं



**किन्नर समाज ने थाने में आवेदन देकर की कार्रवाई की मांग**

**छतरपुर**। पिछले दिनों पड़ोसी जिले टीकमगढ़ के एक शिक्षक द्वारा किन्नर समाज के ऊपर सोशल मीडिया के माध्यम से की गई एक टिप्पणी को लेकर संपूर्ण किन्नर समाज में आक्रोश व्याप्त है। टीकमगढ़ के बाद छतरपुर में भी किन्नर समाज ने थाना में आवेदन देकर संबंधित शिक्षक की निंदा करते हुए उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। किन्नर समाज छतरपुर की गद्दीपति नीतू किन्नर ने सिविल लाइन थाना में आवेदन देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश के आगरा शहर की किन्नर समाज ने सोशल मीडिया पर बाढ़ पीड़ितों के लिए 25 लाख रुपये की सहायता राशि एकत्रित करने के लिए मुहिम छेड़ी थी। समाज की इसी पोस्ट पर टीकमगढ़ में पदस्थ शासकीय शिक्षक रूद्र सिंह तोमर द्वारा अशोभनीय टिप्पणी की गई, जिससे पूरे किन्नर समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। नीतू ने बताया कि इस मामले को लेकर टीकमगढ़ में मामला दर्ज किया जा चुका है लेकिन अभी तक संबंधित शिक्षक पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने शिक्षक के विरुद्ध छतरपुर में भी मामला दर्ज किए जाने और जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### पूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं आश्रितों के लिए जिला स्तरीय सम्मेलन संपन्न

**छतरपुर**। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय छतरपुर (म.प्र.) के द्वारा छतरपुर एवं पन्ना जिले के पूर्व सैनिकों की रैली (सम्मेलन) का आयोजन गुरुवार 17 सितम्बर 2025 को जिले के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विष्णु प्रसाद सोलंकी न्यायाधीश सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सहायता अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार तथा जिला प्रशासन की तरफ से जिला कोषालय अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही सेना भर्ती कार्यालय से कर्नल पंकज कुमार तथा जिला सैनिक कल्याण अधिकारी टीकमगढ़ लेफ्टिनेंट कर्नल राजेश कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## जब शराब दुकान हर गांव में हो सकती है तो खाद वितरण केन्द्र क्यों नहीं...?

**जिला मुख्यालय के खाद वितरण केन्द्र पर उमड़ी भीड़, समितियों में नहीं मिल रही खाद**

# खाद के लिए परेशान किसानों ने शासन-प्रशासन से किया सवाल





**छतरपुर**। अत्यधिक बारिश के चलते खरीफ की फसल से हाथ धो चुके किसान अब रबी की फसल से उम्मीद लगाकर बैठे हैं लेकिन इसके लिए उन्हें अभी से जद्दोजहद करनी पड़ रही है। दरअसल जिले की समितियों में खाद न होने के कारण किसान जिला मुख्यालय के खाद वितरण केन्द्र पर पहुंच रहे हैं और इसी के चलते यहां किसानों की भारी भीड़ जमा हो रही है। गुरुवार को जिला मुख्यालय के नौगांव रोड पर स्थित खाद वितरण केन्द्र में हजारों की संख्या में किसान पहुंच गए जिस कारण से अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया और बाद में पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा। इसी बीच कुछ किसानों ने शासन-प्रशासन से सवाल करते हुए कहा कि जब शराब की दुकान हर गांव में हो सकती है तो खाद वितरण केन्द्र क्यों नहीं?

ग्राम सौंरा के किसान मूलचंद अहिरवार ने बताया कि वे एक दिन पहले खाद लेने के लिए छतरपुर केन्द्र पर आए थे। चूंकि वे सुबह 8 बजे केन्द्र पर पहुंचे थे इसलिए उनका नाम वितरण पंजी में नहीं लिखा गया था और वे वापिस लौट गए थे। इसके बाद आज पुनः वे सुबह 6 बजे केन्द्र पर आए। मूलचंद के मुताबिक आज उनका नाम लिखकर टोकन तो दे दिया गया है लेकिन दोपहर 12 बजे तक उन्हें खाद नहीं मिला है। उन्होंने यह भी बताया कि स्थानीय समिति में अभी खाद वितरण नहीं किया जा रहा है, जिस कारण से उन्हें जिला मुख्यालय तक खाद लेने के लिए आना पड़ा। ग्राम देरी के किसान मानिक लाल कुशवाहा ने कहा कि समितियों में खाद वितरण न होने के कारण बड़ी संख्या में किसान खाद लेने के लिए छतरपुर आ रहे हैं, जिस कारण से अव्यवस्था फैल रही है। उन्होंने बताया कि छतरपुर के केन्द्र पर न तो किसानों के लिए छाया की व्यवस्था है और न ही पेयजल की। ऐसे में घंटों लाइन में खड़े रहना किसानों के लिए भारी परेशानी का कारण बना है। ग्राम नैगुवां के किसान कमलेश कुशवाहा और ग्राम सुकवां के पप्पू पटेल ने बताया कि वे सुबह 7 बजे से लाइन में लगे हैं लेकिन दोपहर तक उन्हें खाद नहीं मिला। भीड़ को व्यवस्थित करने मौके पर पहुंचे सीएसपी अरुण कुमार सोनी ने बताया कि केन्द्र पर अधिक भीड़ के कारण अफरा-तफरी की स्थिति बन गई थी, जिसकी सूचना मिलते ही हमने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। टोकन के माध्यम से किसानों को खाद वितरण कराया जा रहा है।

### कृषि विभाग के उपसंचालक बोले- हमारे पास पर्याप्त खाद -



वितरण केन्द्र पर फैली अव्यवस्था पर कृषि विभाग के उपसंचालक डॉक्टर रवीश सिंह ने कहा कि हमारे पास किसानों को देने के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद है। वितरण केन्द्र पर किसानों की अत्यधिक भीड़ के कारण अव्यवस्था हो रही है, जिससे निपटने के लिए हमने पुलिस को बुलाया है। उन्होंने बताया कि टोकन सिस्टम से किसानों को निर्धारित मात्रा में खाद दी जा रही है। श्री सिंह ने बताया कि जिला मुख्यालय के केन्द्र सहित सभी समितियों में पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद उपलब्ध है, यूरिया भी जल्द उपलब्ध कराया जाएगा। जो समितियां खाद वितरण नहीं कर रही हैं, उन पर कार्रवाई की जाएगी।

### राजस्व अधिकारियों ने खाद वितरण व भंडारण केंद्रों का किया निरीक्षण

कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिलेभर में राजस्व अधिकारियों द्वारा खाद वितरण केंद्रों का निरीक्षण किया गया। साथ ही निजी उर्वरक विक्रेताओं को हिदायत दी है कि निर्धारित दरों पर ही खाद विक्रय करें और किसानों को रसीद दें। गुरुवार को कलेक्टर श्री जैसवाल द्वारा उर्वरक का सुचारू रूप से वितरण सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को जिलेभर की खाद वितरण सोसायटियों एवं अन्य निजी वितरण केन्द्र पर निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अधिकारियों द्वारा अवैध खाद भंडार की भी स्टॉक मिलान करते हुए जांच की गई। जिला प्रशासन द्वारा किसान भाईयों से अपील की गई है कि निर्धारित दरों पर ही खाद खरीदें और रसीद प्राप्त करें। इसी क्रम में गौरिहार तहसीलदार द्वारा सहकारी समिति बारीगढ़ में खाद की दुकान का निरीक्षण किया गया और स्टॉक का मिलान किया गया। साथ ही तहसीलदार महाराजपुर द्वारा खाद वितरण समिति का निरीक्षण किया गया। इसके अलावा राजस्व अधिकारी द्वारा शिव कृषि भंडार दुकान और राज्य सहकारी विपणन संघ बिजावर, राजनगर में समस्त खाद वितरण दुकानों एवं नायब तहसीलदार ने लुगासी स्थित तिवारी ट्रेडर्स खाद भंडार का निरीक्षण का स्टॉक का मिलान किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### निजी उर्वरक दुकानों की निगरानी के लिए नियुक्त हुए पटवारी -

कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में किसानों को निजी उर्वरक दुकानों से निर्धारित मूल्य पर खाद उपलब्ध हो सके जिसकी निगरानी के लिए दुकानवार कृषि विस्तार अधिकारी और पटवारियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही अधिक कीमत पर खाद विक्रय करने वालों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए गए है। साथ ही नियुक्त कर्मी किसानों को सुगम तरीके से खाद वितरण कराने के लिए मदद करेंगे। इसके अलावा क्षेत्रानुसार सम्बंधित के द्वारा अवैध रूप से खाद भण्डारित एवं विक्रय करने के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही में उर्वरक निरीक्षक के सहयोग हेतु किसानों की अधिक संख्या होने पर टोकन वितरण और लाइन आर्डर व्यवस्था बनाने हेतु पुलिस को सूचित करेंगे। साथ ही प्रतिदिन के जानकारी उपलब्ध कराएंगे। विकासखंड स्तर पर जिन निजी उर्वरक दुकानों की निगरानी होगी उनमें इफको कंपनी के इफको बाजार स्टोर छतरपुर, विनायक एग्री सेंन्टर छतरपुर, श्री सांई ट्रेडर्स महाराजपुर, सांई ट्रेडर्स गढ़ीमलहरा, शुभम ट्रेडर्स नौगांव, गुप्ता खाद भंडार खजुराहो, अग्रवाल ट्रेडर्स राजनगर, सोनी बीज भंडार बमीठा, खुशहाल ट्रेडर्स गुलगंज, किसान सेवा केन्द्र भगवां, मधुवन खाद एजेंसी बाजना, जनता कृषि केन्द्र बाजना, शिवाय खाद्य-बीज भण्डार धमौरा, प्रियंका मेन्योर एण्ड फर्टीलाईजर शामिल है। यहां कृषि विस्तार अधिकारी एवं पटवारियों को नियुक्त किया गया है। इस सभी दुकानों पर कुल 497.15 मीट्रिक टन डीएपी खाद उपलब्ध है।

## जमीनी विवाद को लेकर खूनी संघर्ष, कई लोग गंभीर घायल





**घुवारा पुलिस चौकी ने गंभीर धाराओं में दर्ज नही किया मामला**

**छतरपुर**। थाना भगवां की पुलिस चौकी घुवारा के अंतर्गत ग्राम झिरिया खेरा में जमीनी विवाद को लेकर खूनी संघर्ष हुआ। जिसमें एक पक्ष से कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, घायलों में महिलाएं भी शामिल है। लेकिन घुवारा चौकी पुलिस ने इस खूनी संघर्ष के मामले में लापरवाही बरती और घायलों की हालत गंभीर होने के बाद भी गंभीर धाराओं में मामला दर्ज न कर सामान्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर खाना पूर्ति कर दी, जिससे हमलावरों के हौसले बुंलद है। पीड़ित परिवार ने गुरूवार को पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन देकर इस मामले में न्याय की गुहार लगाई है। क्योंकि जो गंभीर रूप से घायल है उनका उपचार टीकमगढ़ अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित परिवार ने चौकी प्रभारी मोहर सिंह और भगवां थाना प्रभारी कृपाल मार्को पर उचित कार्यवाही न करने के आरोप लगाए। झिरियाखेरा निवासी धर्मेन्द्र सिंह घोषी ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती आवेदन में बताया है कि 16 सितंबर 2025 को दोपहर बाद बुद्ध सिंह घोषी, देशराज सिंह घोषी, जाहर सिंह घोषी, सुमित सिंह घोषी, सुंदर सिंह घोषी, आशवेन्द्र सिंह घोषी, धरम सिंह घोषी, अकल सिंह घोषी, दिनेश सिंह घोषी, रवि सिंह घोषी, राजेश सिंह घोषी, उमा घोषी, गोकुल सिंह घोषी, सुनीता सिंह घोषी, आईबाई घोषी, गीतावाई घोषी, राहुल सिंह घोषी, रोहित सिंह घोषी, किरण बाई घोषी ने एक राय होकर उसके पिता देवसिंह, मां मुन्नीबाई, चाचा सरदार सिंह, सुखराम सिंह, रामसिंह, मुलायम सिंह, कलीबाई, भगवत सिंह के ऊपर कुल्हाड़ी रिवाल्वर, राड़, हसिंया एवं लाठियों से हमला कर दिया। इस हमले में सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जो जिला अस्पताल टीकमगढ़ में जीवन और मौत से संघर्ष कर रहें है। लेकिन चौकी प्रभारी घुवारा मोहर सिंह भगवां थाना प्रभारी कृपाल सिंह मार्को ने इस मामले को गंभीरता से नही लिया। धारदार हथियार से चोट पहुंचाने के बावजूद भी गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज नही की गई है। चौकी प्रभारी और थाना प्रभारी आरोपीगणें के दबाव से प्रभावित है। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से इस पूरे मामले में न्याय की गुहार लगाई है। टीकमगढ़ जिला अस्पताल में भर्ती गंभीर घायलों के बयान दर्ज कराएं जाए, ताकि उन्हें न्याय मिल सके। अभी घुवारा चौकी में 13 आरोपियों जाहर सिंह घोषी, अकल सिंह घोषी, आशवेन्द्र सिंह, सुमित, सौरभ, बुद्व सिंह, सुंदर, देशराज, हल्के, राहुल, रामजी, गोकुल, और राधा घोषी के विरूद्व भारतीय न्याय सहिंता की धारा 118 (1) 115 (2) 296, 351 (2) 3 (5)के तहत मामला पंजीबद्व किया है। लेकिन अभी तक आरोपियों की गिर$फ्तारी नहीं की गई है। और न ही मृत्यु पूर्व बयान लेकर गंभीर धाराएं लगाई गई है। जिससे पीड़ित परिवार को अभी भी जान का खतरा बना हुआ है।

# कुर्सी दौड़ में प्रतिभा व सुजाता तथा बैलून बैलेंस में रश्मि व नीतू अव्वल

### अग्रसेन जयंती पर महालक्ष्मी मंदिर में हो रहीं प्रतियोगिताएं



**छतरपुर**। नगर अग्रवाल समाज, नवयुवक मंडल तथा अग्रसेन महिला विकास समिति द्वारा अग्रवाल समाज के कुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की 5149 वीं जयंती के अवसर पर विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों की कड़ी में बुधवार शाम बेटियों और महिलाओं के वर्ग में कुर्सी दौड़ तथा बैलून बैलेंस प्रतियोगिता का आयोजन महालक्ष्मी मंदिर में किया गया। कुर्सी दौड़ में प्रतिभा व सुजाता तथा बैलून बैलेंस में रश्मि व नीतू अपने अपने वर्ग में अव्वल रहीं।

जिला अग्रवाल समाज के मीडिया प्रभारी रामकिशोर अग्रवाल ने बताया कि मुख्य अतिथि डॉ सौरभ अग्रवाल, डॉ श्रद्धा अग्रवाल, नगरीय प्रशासन के एसडीओ हिमांशु अग्रवाल, नायब तहसीलदार संध्या अग्रवाल ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम पंक्चुअलिटी में प्रीति अनिल अग्रवाल, समीक्षा और नीलू अजय अग्रवाल विनर रहीं। इसके बाद शुरू हुई कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में महिलाओं के वर्ग में प्रतिभा गिरीश अग्रवाल प्रथम, संतोषी अग्रवाल द्वितीय और नीता राहुल अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बेटियों के वर्ग में सुजाता अग्रवाल अव्वल रहीं जबकि आराध्या अग्रवाल द्वितीय और पलक अजय अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बैलून बैलेंस रेस में महिलाओं के वर्ग में रश्मि पीयूष अग्रवाल और नीता राहुल अग्रवाल ने पहला स्थान हासिल किया। सेकंड सुप्रिया अंकित अग्रवाल और नीलम अजय अग्रवाल तथा ज्ञानू अग्रवाल व समीक्षा अग्रवाल को तीसरा स्थान मिला। इसी प्रतियोगिता में बेटियों के वर्ग में नीतू अग्रवाल, आरती अग्रवाल प्रथम तथा मानसी, असिका, रितिका अग्रवाल और पूर्वी अग्रवाल संयुक्त रूप से सेकेंड रहीं। इस अवसर पर अग्रवाल समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष उमाशंकर दाऊ, नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, अग्रसेन महिला विकास समिति की अध्यक्ष सोनम कुलदीप अग्रवाल, नवयुवक मंडल अध्यक्ष शिवम सानू, रोहित, रवि, वंटी, सनी, पियुष, संगीता गंगाराम, रूपा राजेंद्र अग्रवाल, संगीता सौरभ, नीता राहुल, रचना मुकेश, संध्या राजीव, प्रीती अनिल, कीर्ति अजय, ज्योती गगन, रूक्मणी विनोद, प्रियंका शुभम और रेनू अग्रवाल मौजूद रहीं।

### आज झटपट 1 मिनट व फूलों की ज्वैलरी प्रतियोगिता

अग्रसेन महिला विकास समिति की अध्यक्ष सोनम अग्रवाल के मुताबिक जयंती कार्यक्रमों की कड़ी में महालक्ष्मी मंदिर में शुक्रवार को महिलाओं एवं 15 वर्ष से ऊपर की बेटियों के लिए स्मरण शक्ति पर आधारित झटपट 1 मिनट प्रतियोगिता दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक होगी। इसकी संयोजक रेनू बॉबी, रचना मुकेश, रुकमणी विनोद और कीर्ति अजय अग्रवाल को बनाया गया है। फूलों की ज्वैलरी प्रतियोगिता शाम 4 बजे से 5 बजे तक संगीता नरेश, विनीता दिनेश और प्रियंका शुभम अग्रवाल कराएंगी।

## भक्ति और शक्ति का समन्वय है सुंदरकांड मंडल

# देश भर में बागेश्वर धाम मंडलों का हो रहा गठन

### मठ-मंदिरों, कथा वाचकों के साथ जनमानस तक पहुंच रहा यात्रा का आमंत्रण

**छतरपुर**।

पूरे देश में बागेश्वर धाम सुंदरकांड मंडल बनाकर सनातन प्रेमियों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जा रहा है। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की वकालत कर रहे हैं। महाराज श्री कहते हैं कि जिस देश में 80 करोड़ हिंदू रहते हो उस देश को हिंदू राष्ट्र घोषित होना चाहिए। महाराज श्री कहते हैं कि सुंदरकांड मंडल भक्ति और शक्ति का समन्वय है। केंद्रीय समिति मठ मंदिरों से लेकर कथावाचकों और आम जनमानस तक सनातन हिंदू एकता पदयात्रा का आमंत्रण बांट रहे हैं। साथ ही साथ सुंदरकांड मंडलों का गठन भी कर रहे हैं।

बागेश्वर धाम सुंदरकांड मंडल की केंद्रीय समिति के सदस्यों द्वारा गांव-गांव सुंदरकांड मंडलों के गठन के प्रयास किया जा रहे हैं बागेश्वर महाराज के निर्देशन एवं केंद्रीय समिति के मार्गदर्शन मैं सुंदरकांड मंडल गठन का कार्य व्यापक स्तर पर चल रहा है। बिगत दिनों दिल्ली में सुंदरकांड मंडल की केंद्रीय समिति के सदस्य एवं सामूहिक कन्या विवाह महायज्ञ के सह व्यवस्थापक सुंदरलाल रैकवार ने स्वामी चक्रपाणि महाराज से भेंट कर उन्हें सुंदरकांड मंडल गठन के संबंध में अवगत कराया। साथ ही आगामी नवंबर में दिल्ली से वृंदावन तक होने वाली सनातन हिंदू एकता पदयात्रा का आमंत्रण दिया। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला जी को भी यात्रा का आमंत्रण दिया गया। इसके अलावा प्रख्यात कथा वाचक राजन जी को आमंत्रण पहुंचाया गया है। बुंदेलखंड के योगी कहे जाने वाले महंत सत्यनाथ महाराज से भी यात्रा में शामिल होने और सुंदरकांड मंडल गठन में सहयोग का आग्रह किया गया। इसी कड़ी में किशनगढ़ में सत्यम चनपुरिया के नेतृत्व में सुंदरकांड मंडलों की बैठक हुई और युवाओं को पदयात्रा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं झांसी में जन सूचना अधिकार मंच के श्री मुदित जी की अगुवाई में युवाओं की बैठक ली गई। सभी युवाओं ने एक स्वर में कहा कि वह सुंदरकांड मंडलों के माध्यम से भक्ति और शक्ति का सृजन करेंगे, इतना ही नहीं पदयात्रा में भी अधिक से अधिक संख्या में शामिल होंगे।

# विश्वकर्मा जयंती पर मंदिरों में हुआ पूजन

**ईशानगर**। कुर्रा ग्राम पंचायत में भगवान विश्वकर्मा जयंती का आयोजन धूमधाम से किया गया। मंदिरों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों और दुकानों में विधि-विधान से पूजन-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना के साथ भजन-कीर्तन किए और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चलाया। कई जगह भव्य झांकियां सजाई गईं, जिससे क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा।

कुर्रा ग्राम पंचायत में आदि शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई गई। ईशानगर सहित कुर्रा के सभी औद्योगिक संस्थानों, दुकानों और मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु पूजन-अर्चना में जुटे रहे। भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुए। वक्ताओं ने भगवान विश्वकर्मा के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि बिजावर विधायक के पुत्र अभिराम धनंजय शुक्ला ने विश्वकर्मा समाज और ग्राम पंचायत के सभी लोगों को जयंती की बधाई दी। व्यवस्थापक संतोष विश्वकर्मा ने मुख्य अतिथियों का आभार माना। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष भरत गुप्ता, हरेंद्र मोनू जड़ीबूटी, हरविंद्र यादव, प्रताप जीतू मिश्रा, मिजाजीलाल विश्वकर्मा, राजाराम, फेरन, मनप्यारे, गणेश, बल्लू, सरमन विश्वकर्मा, मुन्ना, ग्यासीलाल, ध्रुव विश्वकर्मा, भगवानदास विश्वकर्मा सहित विश्वकर्मा समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

## चंदला और लवकुशनगर में सांसद खेल महोत्सव की तैयारियां तेज



सिद्धार्थ शंकर बुन्देला ने ली बैठक, युवाओं से की रजिस्ट्रेशन की अपील

**छतरपुर**। जिले के चंदला और लवकुशनगर में सांसद खेल महोत्सव के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। गुरुवार को भाजपा नेता सिद्धार्थ शंकर बुन्देला ने दोनों क्षेत्रों में अलग-अलग बैठकें लीं, जिसमें संयोजकों और सह-संयोजकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने युवाओं से रजिस्ट्रेशन कराने की अपील भी की।

चंदला विधानसभा में भाजपा नेता सिद्धार्थ शंकर बुन्देला ने सांसद खेल महोत्सव की बैठक ली, जिसमें चंदला विधानसभा संयोजक पंकज पांडेय, सह-संयोजक अनुपम निगम व विनय सिंह और सभी मंडलों के संयोजक एवं सह-संयोजक उपस्थित रहे। यहां श्री बुन्देला ने सभी से अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करने की अपील की। इसके बाद उन्होंने लवकुशनगर में भी उन्होंने बैठक ली, जिसमें राजनगर विधानसभा संयोजक शैलेंद्र यादव, सह-संयोजक विजय सिंह व रूपचंद पटेल और सभी मंडलों के संयोजक एवं सह-संयोजक मौजूद रहे। सिद्धार्थ शंकर प्रताप सिंह बुन्देला ने यहां भी अधिक रजिस्ट्रेशन की अपील की। श्री सिंह ने बताया कि आयोजन का उद्धेश्य ग्रामीण अंचलों में छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है।

# प्रजापति कुंभकार संगठन की महिला जिलाध्यक्ष बनीं भावना



**छतरपुर**। अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार संगठन ने एक प्रतिष्ठित शिक्षित और कर्मठ समाजसेवी महिला को महिला जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति उनकी निष्ठा, लगन, शिक्षा, मेहनत और सामाजिक-धार्मिक-राजनीतिक कार्यों में सक्रियता को देखते हुए की गई है। संगठन ने महिलाओं को मजबूत बनाने और जागरूकता फैलाने की दिशा में यह कदम उठाया है।

मंगलवार को अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार शाखा मध्य प्रदेश ने छतरपुर जिला इकाई की महिला जिला अध्यक्ष के रूप में श्रीमती भावना राजे प्रजापति की नियुक्ति की घोषणा की। श्रीमती भावना राजे प्रजापति जनपद पंचायत गौरिहार के वार्ड 14 की सदस्य हैं और लगातार सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक कार्यों में सक्रिय रहती हैं। महिलाओं की आवाज बनकर और जनपद क्षेत्र के विकास में योगदान देने के लिए वे जानी जाती हैं। नियुक्ति के अवसर पर श्रीमती भावना राजे प्रजापति ने कहा कि उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसमें वे शत-प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करेंगी। उन्होंने शीर्ष नेतृत्व, समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं और मातृशक्ति का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वे हमेशा मातृशक्ति की ताकत बढ़ाने और महिलाओं में जागरूकता पैदा कर संगठन की छतरपुर इकाई को मजबूत बनाने का प्रयत्न करती रहेंगी।

## खबर संक्षेप



### गौमाता की उपेक्षा से मानव जाति पर अदृश्य समस्यायें आती हैं - उप मुख्यमंत्री, सेवा पर्व के उपलक्ष्य में हिनौती गौधाम में हुआ वृहद वृक्षारोपण

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि गौमाता की उपेक्षा से मानव जाति पर अदृश्य समस्यायें आती हैं। जब गौमातायें सड़कों पर रहें या खेतों में किसान डंडे मारकर बाहर करें यह दृश्य बहुत ही पीड़ा दायक है। गौमाताओं के संरक्षण के लिए ही गौधाम का निर्माण कराया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पर्व आयोजन के तहत हिनौती गौधाम में वृहद वृक्षारोपण किया गया। उप मुख्यमंत्री ने आम, अमरूद के पेड़ लगाये। हिनौती गौधाम में आयोजित इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गौमाता का संपूर्ण शरीर पूज्यनीय व पवित्र है। यहां तक कि उनका गोबर व मूत्र भी पूजन के कार्य आता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में दूध न देने वाली गौमाताओं के गोबर व मूत्र से गौधाम को लाखों की आमदनी होगी। गौधाम को रेवेन्यू माडल के तहत आत्मनिर्भर बनाया जायेगा। इस प्रकल्प का मास्टर प्लान बना लिया गया है। शेड निर्माण का कार्य प्रगति पर है। गौधाम में 75 शेड बनाकर 50 हजार से अधिक गौवंश को संरक्षित किया जायेगा। इनके संरक्षण से गौवंश की रक्षा होगी तथा किसानों की खेती भी सुरक्षित रहेगी। उन्होंने कहा कि बेहतर जिला बनाने के लिए ईश्वर व गौमाता की कृपा आवश्यक है। गौमाता की कृपा से यह क्षेत्र सुखी व समृद्धशाली होगा। उप मुख्यमंत्री ने गौधाम में वन विभाग द्वारा किये गये वृहद वृक्षारोपण की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा 3500 से अधिक फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया है। उन्हें जो भूमि आवंटित हुई है उसमें आने वाले समय में इतने ही पौधे और लगाये जायेंगे। इन सब पौधों के बड़े होने पर आगामी 4 से 5 वर्षों में यहां का दृश्य और भी मनोरम होगा। कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, जनपद अध्यक्ष गंगेव विकास तिवारी, मुख्य वन संरक्षक राजेश राय, एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल, रोहित तिवारी, गौसंवर्धन बोर्ड के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय, राजगोपाल मिश्रचारी, संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ. डीएस बघेल, उप संचालक पशुपालन डॉ. डीपी सिंह सहित वन विभाग के अधिकारी तथा स्थानीय जन उपस्थित रहे।

चेन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले गैंग का बिछिया पुलिस ने किया खुलासा

# बोरी फैक्ट्री के पास महिला से पर्स व जेवरात लूटने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र में बीते माह गंगापुर स्थित बोरी फैक्ट्री के पास हुई चेन स्नैचिंग की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटे गए सोने-चांदी के जेवर, नकदी और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है। घटना 30 अगस्त की शाम लगभग 5:55 बजे की है, जब ग्राम गहिरा निवासी शांति साकेत (उम्र 33 वर्ष) अपने पति विनोद कुमार साकेत के साथ ऑटो से गांव लौट रही थीं। जैसे ही ऑटो गंगापुर की बोरी फैक्ट्री के पास पहुंचा, बाइक सवार तीन युवक आए और झपट्टा मारकर महिला का पर्स व गले की



चेन छीनकर मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने घटना की सूचना तत्काल बिछिया थाना में दर्ज कराई। उनके पर्स में एक मोबाइल फोन, एक सेट सोने की कान की बाली, एक सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी चांदी की पायल, 4,000 रुपये नकद, एटीएम कार्ड और अन्य जरूरी दस्तावेज थे।

थाना प्रभारी मनीषा उपाध्याय के निर्देशन में पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदेहियों की धरपकड़ शुरू की। जांच के दौरान सुराग जुटाकर पुलिस ने तीन आरोपियों मोहम्मद अली पिता स्व. मलाहत अली (उम्र 20 वर्ष, निवासी मरघटी कुठुलिया), इरशाद खान पिता स्व. मोहम्मद जलालुद्दीन खान (उम्र 21 वर्ष, निवासी ताहा कॉलोनी कुठुलिया) और समीर खान पिता जकात खान (उम्र 20 वर्ष, निवासी बोलछड्डी मस्जिद के पास, तकिया) को हिरासत में लिया। पूछताछ में तीनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने छीना गया पर्स और जेवरात अमन मुस्कान उर्फ अमन बारी (पिता मोहनलाल बारी, उम्र 23 वर्ष, निवासी पाण्डेन टोला) को बेच दिए थे। इसके बाद पुलिस ने अमन को भी गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से पीड़िता के जेवरात, नकदी व घटना में उपयोग की गई पल्सर बाइक जब्त कर ली।

# गोल्ड लोन के नाम पर सर्राफा कारोबारी से 68.89 लाख की ठगी

**लैब टेस्ट में नकली निकला सोना, अमहिया थाना पुलिस कर रही जांच**

**रीवा।** शहर के सर्राफा कारोबारी को गोल्ड लोन के नाम पर ठगी का शिकार बना लिया गया। ठग ने पहले भरोसा जीतने के लिए बार-बार संपर्क किया और फिर उसे लाखों की चपत लगा दी। इस फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ जब बैंक से छुड़ाए गए सोने के जेवर लैब टेस्ट में नकली निकले। पीड़ित ने इसकी शिकायत अमहिया थाना में दर्ज कराई है, जहां से पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सर्राफा व्यवसाय से जुड़े अजय सोनी को बीते सप्ताह एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने अपना नाम सचिन सिंह बताया और खुद को परेशान हाल बताया। उसने बताया कि उसने कॉलेज चौराहा स्थित एक निजी गोल्ड लोन फाइनेंस बैंक में अपने सोने के जेवर गिरवी रखकर लोन लिया था, लेकिन अब वह किस्त चुकाने में असमर्थ है। सचिन ने कारोबारी अजय सोनी से कई बार संपर्क किया और दुकान पर भी आने की बात कही। बातचीत के दौरान उसने कहा कि यदि अजय लोन की राशि चुका देते हैं, तो वह बैंक से जेवर निकलवा ले और बाद में सचिन उसे राशि लौटा देगा। भरोसे में आए अजय



सोनी सोमवार को बैंक पहुंचे और बैंक मैनेजर पुनीत त्रिपाठी की मौजूदगी में आरटीजीएस के माध्यम से 68 लाख 89 हजार की रकम बैंक खाते में जमा कर दी. बैंक द्वारा लोन की राशि चुकता होने पर गिरवी रखे गए जेवर अजय को सौंप दिए गए। सोने के जेवर लेने के बाद जब अजय ने उन्हें परीक्षण के लिए लैब में भेजा, तो जांच में बड़ा खुलासा हुआ. सारे जेवरात नकली निकले। यह जानकर अजय सन्न रह गया। जब वह दोबारा बैंक पहुंचा और मैनेजर से जवाब मांगा, तो मैनेजर ने स्पष्ट किया कि बैंक ने वही जेवर दिए हैं जो लोन के समय जमा किए गए थे। इसके बाद अजय ने जब सचिन सिंह से संपर्क किया, तो उसने दावा किया कि जब जेवर बैंक में जमा किए थे, तब वे पूरी तरह असली थे। इससे अजय को ठगी का स्पष्ट अहसास हुआ और उसने तत्काल अमहिया थाना में इस पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है।

# संदीपनी स्कूलों में होंगी नई नियुक्तियाँ, अतिथि शिक्षकों व स्पोर्ट्स टीचर की कमी को किया जाएगा दूर




**रीवा।** जिला शिक्षा विभाग द्वारा संदीपनी स्कूलों की शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए एक बार फिर से नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस बार न केवल अतिथि शिक्षकों के रिक्त पदों को भरा जाएगा, बल्कि कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर, संगीत शिक्षक, प्री-प्राइमरी शिक्षक, खेल शिक्षक और स्पेशल एजुकेटर जैसे पदों पर भी शीघ्र नियुक्तियाँ की जाएंगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, सभी पात्र आवेदकों को 18 सितंबर 2025 तक पीजीएफएमएस पोर्टल पर अपने पसंदीदा विद्यालयों का चयन करना अनिवार्य होगा। इसके बाद, 19 सितंबर तक पूर्व से कार्यरत आवेदकों को री-ज्वाइनिंग रिक्वेस्ट दर्ज करने की सुविधा दी जाएगी। 20 से 23 सितंबर तक शाला आवंटन की प्रक्रिया चलेगी, जिसमें आवेदक अपनी नियुक्ति के लिए रिक्वेस्ट दर्ज कर सकेंगे। अंततः, 19 से 24 सितंबर के बीच शाला प्रभारी द्वारा आवेदकों की उपस्थिति को प्रमाणित कर विभाग को प्रस्तुत करना होगा। वही विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह प्रक्रिया विशेष रूप से उन पूर्व आवेदकों के लिए एक अंतिम अवसर के रूप में लाई जा रही है जो पिछली बार किसी कारणवश नियुक्ति से वंचित रह गए थे। इस बार आवेदन की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाया गया है, ताकि किसी भी पात्र आवेदक को अवसर से वंचित न रहना पड़े।

# नशीली कफ सिरप के साथ दो बाल अपचारी सहित एक महिला गिरफ्तार, गोविंदगढ़ पुलिस ने की कार्रवाई

**रीवा। जिले के गोविंदगढ़ थाना पुलिस ने प्रतिबंधित अवैध नशीली कफ सिरप की बिक्री करते दो बाल अपचारी सहित एक आरोपी महिला को पकड़ा है। पकड़े गई महिला के कब्जे से पुलिस ने 48 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप जब्त की है।** गोविंदगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मुखबिर सूचना के बाद ग्राम कनौजा से दुर्गानगर वाली सड़क पर घेराबंदी की गई जहां 2 लड़के प्रतिवबंधित कंपनी की नशीली कफ सिरप बेच रहे थे।



जिसके बाद पुलिस ने रेड कार्यवाही करते हुए 02 अपचारी बालक को नशीली कफ सीरप के साथ पकड़ा। पूछतांद में पुलिस ने अवैध नशीली कफ सिरप बिक्री में शामिल आरोपिया महिला मायादेवी साकेत पति संजय साकेत 38 वर्ष निवासी कनौजा थाना बिछिया को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। बाल अपचारी नाबालिगों को पुलिस ने बाल न्यायालय में पेश किया जबकि महिल को पुलिस ने न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित हुए कार्यक्रम अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा ने अग्रसेन के आदर्शों का दिया संदेश

**रीवा ।** भगवान स्वरूप अग्रसेन जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा इकाई रीवा द्वारा स्थानीय सेलिब्रेशन परिसर में आगामी 5149वीं जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य दिन गुरुवार को कई कार्यक्रम आयोजित किये।सर्वप्रथम कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मीना बंसल ने अग्रसेन के चित्र पर माल्यर्पण कर दीपप्रज्वलन किया।साथ सभी महिलाओं ने पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।तदुपरांत जिला इकाई रीवा की जिलाध्यक्ष गीता अग्रवाल द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।उपरांत प्रतियोगिता आयोजित की गई।जिसमें आटे से दिया सजाओ प्रतियोगिता रखी गई।जिसमें प्रथम राखी अग्रवाल,द्वितीय स्थान स्वाति अग्रवाल, तृतीय स्थान संयुक्त रूप से खुशबू पोद्दार एवं रक्षा अग्रवाल रहीं।प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ.निशा अग्रहरि ने निभाई।उपरांत कई प्रकार के मनोरंजनात्मक गेम आयोजित हुए।साथ ही अग्रमहिलाओं ने अग्रसेन जी आदर्शों एवं सिद्धांतो को जीवंत रखते हुए समाज में तख्तियों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम



किये। इस शुभ अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा की राष्ट्रीय संगठन सचिव मुख्य अतिथि श्रीमती मीना बंसल ने कहा कि आज सम्पूर्ण विश्व के साथ भारत में भी अग्रसेन जी के समाजवादी,समतावादी,एकत्व की भावना के सिद्धांत आदर्श रूप में प्रासंगिक हैं।विश्वकल्याण की मंशा को लेकर हर देश आज इन सिद्धांतों को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से अपनाए जा रहें हैं।अग्रवाल समाज के लिए अग्रसेन जी के सिद्धांत आदर्श नींव आज भी हैं और सदियों तक उनकी विचारधारा को जन जन तक पहुँचाने का कार्य हम सबका का प्रमुख कर्तव्य है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय संगठन सचिव,मीना बंसल,जिलाध्यक्ष गीता अग्रवाल,महामंत्री राखी अग्रवाल,स्वाति अग्रवाल,सुनीता चमड़ियां,रेशू अग्रवाल, गीता अग्रवाल,खुश्बू पोद्दार,अंजू अग्रवाल, संध्या अग्रवाल,उषा अग्रवाल,अनीता अग्रवाल,स्वाति अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल,रानू अग्रवाल,शैलजा अग्रवाल,रक्षा अग्रवाल, श्रुति अग्रवाल,वंदना अग्रवाल,अंजू अग्रवाल,संध्या अग्रवालआदि महिलाएं शामिल रहीं।

## युवा संगम कार्यक्रम संपन्नरोजगार मेले में 444 युवाओं को मिला रोजगार



**रीवा ।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत शिक्षण संस्थाओं में रोजगार मेलों का प्रतिमाह आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन में संभागीय आईटीआई रीवा में रोजगार मेला आयोजित किया गया। मेले में 801 आवेदकों ने पंजीयन कराया। मेले में शामिल 18 कंपनियों ने 444 युवाओं का चयन किया। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में जीएमसीसी मीडिया इंडिया प्रा.लि. पुणे महाराष्ट्र ने 20, टोयटा टूसो इंडिया प्रा. लि. सानन्द गुजरात ने 16, डी एण्ड एच सेचरोन कंपनी इंदौर (आईसेक्ट) ने 43, विनप्रेज इन्फो मीडिया प्रा.लि. मैहर ने 12, अलर्ट एसजीएस प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़ ने 16, बजाज ऑटो लिमि. पुणे महाराष्ट्र ने 64, आमधनी प्रा. लि. (अपोलो टायर्स) गुजरात ने 10, भारतीय जीवन बीमा निगम रीवा ने 8, मिग्मा पैकट्रॉन प्रा. लि. रीवा ने 23, एच.डी.एफ.सी. लाईफ इश्योरेन्स कम्पनी लिमि. रीवा ने 43, प्रगतिशील बॉयोटेक प्रा.लि. सवेरा सतना ने 25, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा.लि. भोपाल ने 8, प्रभा बायोप्लांट्स प्रा. लि. भोपाल ने 30, विन्ध्या टेलीलिंक लि. चोरहटा रीवा ने 15, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा.लि.रीवा ने 16, उन्नति एग्रोटेक रामवन सज्जनपुर सतना ने 11, फ्लिप कार्ट रीवा ने 37 तथा प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा ने 47 युवाओं का चयन किया। रोजगार मेले के सफल आयोजन में जिला रोजगार कार्यालय तथा संभागीय आईटीआई के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## रीवा को स्वास्थ्य के क्षेत्र में नंबर-1 बनाना है - उप मुख्यमंत्री

## डिप्टी सीएम ने जिला चिकित्सालय में 8 करोड़ 88 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित ओपीडी भवन का किया लोकार्पण

**उप मुख्यमंत्री ने जिला चिकित्सालय को 300 बिस्तर का किये जाने की घोषणा की**





**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा को स्वास्थ्य के क्षेत्र में नंबर-एक बनाना है। अधोसंरचनाओं की पूर्ति कराकर, मशीनों एवं चिकित्सकों व चिकित्सकीय स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है। उन्होंने जिला चिकित्सालय को 300 बिस्तर का किये जाने की घोषणा की। उप मुख्यमंत्री ने जिला चिकित्सालय में 8 करोड़ 88 लाख रूपये की लागत से निर्मित नवीन ओपीडी सहित 13 करोड़ 65 लाख रूपये से बनाये गये चिकित्सालय विस्तार भवन व कनेक्टग कॉरीडोर का लोकार्पण किया। कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मरीजों के लिये चिकित्सक भगवान के समान है। इसी प्रकार डॉक्टर को भी मरीज को भगवान मानकर इलाज करना चाहिए तभी वह सफल चिकित्सक होगा। उन्होंने कहा कि नवनिर्मित ओपीडी में मरीजों एवं उनके परिजनों की सुविधा के लिये संकेतक लगाये साथ ही रिसेप्शन में सभी को उचित परामर्श व जानकारी उपलब्ध हो तथा साफ-सफाई बेहतर रहे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़े में स्वस्थ नारी सशक्त समाज को प्राथमिकता दी गई है अतः सभी गर्भवती महिलाओं की समय-समय पर जांच की जाय और उन्हें चिकित्सकीय उपचार मुहैया हो। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अमले से अपेक्षा की कि जिले में मातृ मृत्युदर व शिशु मृत्यु दर को कम करने की चुनौती को अवसर के तौर पर लें ताकि समन्वित प्रयास से रीवा जिले व प्रदेश में आने वाले तीन माह में इसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य सूचकांक के अनुरूप सुधार आ सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़ा की राष्ट्रीय स्तर पर मानीटरिंग की जा रही है अतः स्वास्थ्य शिविरों सहित चिकित्सालयों में पखवाड़े में मरीजों की स्क्रीनिंग कर पोर्टल में फीड करायें ताकि हमारा प्रदेश व रीवा जिला स्वास्थ्य सेवाओं के प्रदाय में प्रथम स्थान पर रहे। उन्होंने आश्वस्त किया कि अस्पतालों में संसाधनों व स्टाफ की कमी नहीं रहेगी। रीवा सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। आने वाले दो माहों में रीवा प्रदेश का पहला संभागीय मुख्यालय होगा जिस शहर के चारों ओर रिंग रोड होगी। उन्होंने कहा कि रीवा आने वाले सभी व्यक्ति हमारे मेहमान हैं वह आयें और रीवा का विकास देखें। इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि उप मुख्यमंत्री के प्रयासों से रीवा एवं प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सर्वसुविधायुक्त ओपीडी जिला चिकित्सालय को मिला है। उन्होंने संसाधनों के समुचित उपयोग व निरीक्षण की अपेक्षा चिकित्सकीय अधिकारियों से की। श्री मिश्र ने कहा कि हमारा देश आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है और चिकित्सा के क्षेत्र में प्रदेश में सभी आवश्यक जरूरतों की पूर्ति की जा रही है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह ने कहा कि उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा के हर क्षेत्र में समदृष्टि रखकर विकास किया है। विन्ध्य व रीवा विकास की ओर अग्रसर है जिसमें उप मुख्यमंत्री जी की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिला अस्पताल की रीवा में उपलब्धि उपमुख्यमंत्री जी द्वारा ही प्राप्त हुई थी। इससे पूर्व सीएमएचओ डॉ. संजीव शुक्ला ने स्वागत उद्बोधन दिया। सिविल सर्जन डॉ. प्रतिभा मिश्रा ने जिला चिकित्सालय में उपलब्ध संसाधनों की जानकारी दी। प्रगति प्रतिवेदन कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अंनुज प्रताप सिंह व पीआईयू के दयाशंकर त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत किया गया। पुर्नधनत्वीकरण योजनान्तर्गत तीन मंजिल ओपीडी का निर्माण हाउसिंग बोर्ड द्वारा कराया गया है। जबकि विस्तार भवन व कनेक्टग कॉरीडोर का निर्माण पीआईयू द्वारा किया गया है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, माया सिंह, महामंत्री राजेश पाण्डेय, राजेन्द्र ताम्रकार, विवेक दुबे , हेमलता सिंह, पार्षद मनीष नामदेव, बालानंद,राजगोपाल चारी, अनिल पटेल, उपायुक्त हाउसिंग बोर्ड आर.के. वर्मा, सहायक यंत्री हिमांशु वर्मा, केके जैन सहित स्थानीय जन उपस्थित रहे।

# नईगढ़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**मऊगंज** जिले के नईगढ़ी मेभारतीय जनता पार्टी मंडल नईगढ़ी द्वारा सेवा संकल्प पखवाड़ा के अंतर्गत वृहस्पतिवार को सुबह माता अष्टभुजा धाम मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस (17 सितम्बर) से शुरू हुआ यह विशेष पखवाड़ा 2 अक्टूबर तक चलेगा, जिसके तहत विभिन्न सेवा और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।इस क्रम में 18 सितम्बर की सुबह भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में माता मंदिर परिसर पहुंचे और मंदिर प्रांगण में झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यकर्ताओं ने मंदिर की सीढ़ियों, गलियारों और आसपास के क्षेत्र को साफ कर स्वच्छ वातावरण का संदेश दिया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष विभा शर्मा ने कहा कि स्वच्छता न केवल सामाजिक जिम्मेदारी है बल्कि यह हमारे जीवन का संस्कार भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ₹स्वच्छ भारत मिशन₹ को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता लगातार प्रयास कर रहे हैं।अभियान में



भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष बृजेंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष रामपाल सिंह, ललित पटेल, विजय नारायण शुक्ला, विजय शंकर यादव, श्रीकांत तोमर सहित मंडल महामंत्री, सेवा पखवाड़ा के प्रभारी, सह प्रभारी एवं वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने लोगों से अपील की कि स्वच्छता को आदत बनाएं और सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी न फैलाएं।भाजपा नेताओं ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के दौरान स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान, पौधारोपण, जल संरक्षण और जनसेवा से जुड़े कई कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि समाज में सेवा और स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

## मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों का कमिश्नर, आईजी और कलेक्टर ने लिया जायजा

**रीवा ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 19 सितम्बर को त्योंथर विधानसभा क्षेत्र में चाकघाट मण्डी प्रांगण में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। समारोह में मुख्यमंत्री 162 करोड़ 31 लाख रुपए के 5 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी करेंगे। कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत तथा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कार्यक्रम स्थल का दौरा करके दौरे की तैयारियों का जायजा लिया। कमिश्नर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वर्षा को ध्यान में रखते हुए सभी तैयारियाँ करें। कार्यक्रम स्थल में वाहनों को सीमित संख्या में प्रवेश दें। मुख्यमंत्री जी जिले में औद्योगिक निवेश तथा घूमा-कटरा औद्योगिक क्षेत्र के संबंध में उद्योगपतियों से चर्चा करेंगे। इसके लिए पृथक से प्रबंध करें। समारोह स्थल पर आंगतुकों के बैठने के पूरे स्थल पर जलरोधी पंडाल लगाएं। कमिश्नर, आईजी तथा कलेक्टर ने मुख्य मंच, हेलीपैड तथा ग्रीन रूम का निरीक्षण किया। आईजी श्री राजपूत ने पुलिस अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल में सुरक्षा व्यवस्था तथा यातायात प्रबंधन के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि मुख्यमंत्री जी सभास्थल में पहुंचने के बाद सबसे पहले त्योंथर विधानसभा क्षेत्र में निवेश करने वाले उद्यमियों से चर्चा करेंगे। इसके बाद मंचीय कार्यक्रम आरंभ होगा। मुख्यमंत्री कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट सहित पाँच निर्माण कार्यों का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर अधिकारियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन, हितलाभ वितरण तथा समारोह की अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, प्रशिक्षु आईपीएस मनस्वी शर्मा, एसडीएम त्योंथर पीएस त्रिपाठी, एसडीएम मनगवां संजय जैन, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, एसडीओपी उदित मिश्रा, तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

